2. In the Schedule to the Department of Lighthouses and Lightships (Recruitment to Group 'A' and Group 'B' Gazetted Technical posts) Rules, 1977, against serial number 12 relating to the post of Station Engineer (Decca Chain)/ Assistants Executive Engineer (Radio) under column 7, for the entry, the following entry shall be substituted, namely:—

"Essential :

Degree in Telecommunication/Electronics and Communication Engineering/Electrical Engineering with Radio Communication as a special subject from a recognised University or equivalent.

Note 1. Qualifications are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in the case of candidates otherwise well qualified.

Note 2. The qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or the Scheduled Tribes if at any stage of selection the UPSC is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them.

Desirable :

(1) Experience in the installation of M.F. Radio Beacon.

(2) Experience in the wireless field including installation and maintenance of wireless transmitters and receivers."

[File No. SW/LLE-83/82-MT.]

D. D. SOOD, Under Secy.

Foot Note : The principal rules were pulished vide Notification No. LLE-164/74 dated 11-7-1977 (GSR No. 996 dated 30-7-1977) and have been amended vide Notification/gazette detailed below:—

No. LLE-2/77 dated 26-7-1978 (GSR No. 1008 dated 12-8-1978).

No. LLE-164/74-Vol-II dated 13-3-1979 (GSR No. 426 dated 17-3-1979).

No. LLE-164/74-Vol-II dated 12-9-1979 (GSR No. 1195 dated 22-9-1979).

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, 14 अप्रैल, 1986

सा.का.नि. 316 :—खान नियम, 1955 का और संशोधन करने के लिए कतिपय संशोधनों का एक प्रारूप, खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 59 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार, भारत सरकार, के भूतपूर्व श्रम और पुनर्वास मंत्रालय (श्रम विभाग) की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 802(अ) तारीख 3 दिसम्बर, 1984 के अधीन भारत के राजपत्र असाधारण भाग 2 खंड 3, उपखंड (i) तारीख 3 दिसम्बर, 1984 में प्रकाशित किया गया था जिसमें उन सभी व्यक्तियों से जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी उक्त अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीन मास की अवधि के अवसान तक आक्षेप या सुझाव मांगे गए थे ;

और उक्त राजपत्र 3 दिसम्बर 1984 को जनता को उपलब्ध करा दिया गया था;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रारूप के संबंध में जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर विचार कर लिया है ;

अतः अब केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 58 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त प्रारूप को उक्त अधिनियम के अधीन गठित खान बोर्डों को निर्दिष्ट करने के पश्चात् और ऐसे बोर्डों को उक्त अधिनियम की धारा 59 की उप धारा (4) की अपेक्षानुसार उक्त नियमों को बनाने की समीचीनता और उनकी उपयुक्तता के बारे में रिपोर्ट करने के युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, खान नियम 1955 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम खान (संशोधन) नियम, 1986 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. खान नियम, 1955 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के नियम 2 के विद्यमान खण्ड (झ) को खण्ड (ञ) के रूप में पुनः संख्यांकित किया जायेगा, इस प्रकार पुनः संख्यांकित खण्ड (ञ) से पहले निम्नलिखित खण्ड अंतःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

(झ) "कैन्टीन का भारसाधक अधिकारी से (प्रबंधक से भिन्न) ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे स्वामी या अनिकर्ता कैन्टीन से संबंधित उपबंधों का अनुपालन करने के लिए नियुक्त करे।"

3. उक्त नियमों के अध्याय 2 में,—

(1) "खान बोर्ड" शीर्षक के स्थान पर, "समिति" शीर्षक रखा जायेगा;

(2) "बोर्ड" शब्द के स्थान पर, जहां-जहां वह आता है, "समिति" शब्द रखा जायेगा;

(3) उक्त नियमों के नियम 3 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

"3. पदावधि—अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (1) के खण्ड (ग), (घ), और (ङ.) में निर्दिष्ट सदस्यों की पदावधि, राजपत्र में उन

की नियुक्ति अधिसूचित किये जाने की तारीख से 3 वर्ष होगी :

परन्तु कोई सदस्य, 3 वर्ष की अवधि समाप्त होने पर भी, तब तक पद धारण करता रहेगा, जब तक उसके उत्तराधिकारी की नियुक्ति राजपत्र में अधिसूचित नहीं कर दी जाती है :

परन्तु यह और कि कोई ऐसा सदस्य जिसकी नियुक्ति आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए की गई है, उस सदस्य की पदावधि की शेष अवधि तक पद धारण करेगा जिसके स्थान पर उसकी नियुक्ति की गई है और पदावधि के समाप्त हो जाने पर तब तक अपना पद धारण करता रहेगा जब तक उसके उत्तराधिकारी की नियुक्ति राजपत्र में अधिसूचित नहीं कर दी जाती है ।"

(4) उक्त नियमों के नियम 4 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

"4. समिति का सचिव—मुख्य निरीक्षक द्वारा इस निमित्त नामनिर्दिष्ट खानों को कोई निरीक्षक समिति के सचिव के रूप में कार्य करेगा ।"

(5) उक्त नियमों के नियम 5 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"5. पारिश्रमिक—समिति के सदस्य ऐसा मानदेय प्राप्त करेंगे जो केन्द्रीय सरकार नियत करे ।"

(6) उक्त नियमों के नियम 6 का लोप किया जायगा ;

(7) उक्त नियमों के नियम 12 में—

(क) उप नियम (1क) का लोप किया जायेगा ।

(ख) विद्यमान उप-नियम (2) को उप-नियम (3) के रूप में पुनः संख्याकित किया जाएगा और

इस प्रकार पुनः संख्यांकित उप-नियम (3) के पहले, निम्नलिखित उप-नियम अंतःस्थापित किया जायेग अर्थात् :—

"(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट सूचनाएं सदस्य के सामान्य निवास स्थान पर परिदत्त की जायेंगी या डाक से भेजी जायेंगी ।"

(8) उक्त नियमों के नियम 14 में "चार सदस्य" शब्दों के स्थान पर "चार सदस्य जिसके अन्तर्गत अध्यक्ष भी है" शब्द रखे जायेंगे ।

4. उक्त नियमों के नियम 22 में—

(1) उपनियम (1) में "जिसके अन्तर्गत जांच से संबंधित कोई अन्य व्यय भी है" शब्दों के स्थान पर "जिस के अंतर्गत न्यायालय की पूर्व मंजूरी से उपगत व्यय और जांच के संबंधित ऐसा बोर्ड अन्य व्यय जिन्हें न्यायालय वसूल किए जाने योग्य निर्दिष्ट करे" शब्द रखे जाएंगे ;

(2) उप नियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) उप-नियम (1) के अधीन वसूल की जाने के लिए निर्दिष्ट रकम, मुख्य निरीक्षक या संबंधित प्राधिकरण के किसी निरीक्षक द्वारा आवेदन किये जाने पर, स्वामी से उसी रीति से वसूल की जायेगी जिस रीति से भू-राजस्व की बकाया वसूल की जाती है ।"

5. उक्त नियमों के नियम 24 में,—

(1) उप-नियम (1) के स्थान पर, निम्नलिखित उप-नियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

"(1) अधिनियम की धारा 43 की उपधारा (1) के अधीन निर्देश प्राप्त होने पर, प्रमाण कर्ता सर्जन स्वास्थ्य परीक्षा के लिये, तारीख समय और स्थान के बारे में पूर्व सूचना देने के पश्चात् और ऐसी परीक्षा के लिए भेजे गए व्यक्तियों की परीक्षा करने पर, आयु और योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्र तैयार करेगा और उसकी एक प्रति अपने पास रख लेने के पश्चात् उसे सम्बद्ध खान के प्रबंधक को परिदत्त कर देगा;"

(2) उप नियम, (3), (4) और (5) का लोप किया जायेगा ।

6. उक्त नियमों के नियम 25, 26 और 27 का लोप किया जायेगा ।

7. उक्त नियमों के नियम 28 के उप-नियम (1) में, "धारा 40 या" शब्दों और अंकों का लोप किया जायेगा ।

8. उक्त नियमों के नियम 29 का लोप किया जायेगा ।

9. उक्त नियमों के अध्याय 4क के पश्चात् निम्नलिखित अध्याय अंतःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"अध्याय 4 ख

कर्मकार निरीक्षक और सुरक्षा समिति"

29थ—कर्मकार निरीक्षक,—(1) (क) ऐसी हर खान में, जिसमें सामान्यतः 500 या उससे अधिक व्यक्ति नियोजित हैं, स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, खान में रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ और जहां एक से अधिक रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ हैं वहां, व्यवहार में प्रक्रिया के अनुसार मान्यता प्राप्त संघ या उस समय उपलब्ध सदस्यता अभिलेख के अनुसार सर्वाधिक प्रतिनिधि वाले संघ के परामर्श से और यदि कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ नहीं है तो कर्मकारों के निर्वाचित प्रतिनिधि के परामर्श से, खान के तीन उपयुक्त अर्हित कर्म-

चारियों को, खनन संक्रियाओं, विद्युत संस्थापनों और यांत्रिक संस्थापनों में से प्रत्येक के लिए एक एक तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में उसमें नियोजित कर्मकारों की ओर से खान का निरीक्षण करने के लिए पदाभिहित करेगा। जब किसी खान में नियोजित व्यक्तियों की संख्या 1500 से अधिक हो जाए, तब कर्मकार निरीक्षक की सहायता, प्रत्येक अतिरिक्त 1000 व्यक्तियों या उसके भाग के लिए खनन शाखा में एक अतिरिक्त कर्मकार निरीक्षक द्वारा की जाएगी।

(ख) हर खान में, स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, खंड (क) में अभिकथित रीति से, कर्मकार निरीक्षकों का एक पैनल गठित करेगा, जो नियमित कर्मकार निरीक्षकों की अनुपस्थिति के दौरान प्रतिस्थानी के रूप में कार्य कर सकेगा।

(ग) पैनल में, खनन, विद्युत और यांत्रिक संस्थापन तथा संक्रियाओं में से प्रत्येक के लिए कम-से-कम एक-एक कर्मकार निरीक्षक होगा।

(2) कोई भी व्यक्ति, किसी खान के कर्मकार निरीक्षक के रूप में तब तक कार्य नहीं करेगा, जब तक कि,—

(क) उसके पास अधिनियम के अधीन दिया गया ओवरमैन या फोरमैन का प्रमाणपत्र न हो, परन्तु—

(1) खानों में संस्थापित विद्युत मशीनरी के संबंध में, भारतीय विद्युत अधिनियम 1910 के अधीन विरचित, भारतीय विद्युत नियम, 1956 के नियम 131 के उप नियम (1) के खंड (2) के साथ पठित नियम 45 के उपनियम (1) के अधीन जारी किया गया विद्युत पर्यवेक्षक, का विधिमान्य सक्षमता प्रमाणपत्र, जिसके अंतर्गत खनन संस्थापन भी हो, धारण कर रहे व्यक्ति को इस प्रकार पदाभिहित किया जाएगा; और

(2) खानों में संस्थापित अन्य मशीनरी और यांत्रिक साधित्रों के संबंध में, खान में संस्थापन के परिचालन और मशीनरी की चालू हालत में अनुरक्षण की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए, नियुक्त किए गए किसी व्यक्ति को जो ओवरमैन, खान फोरमैन या विद्युत पर्यवेक्षक की प्रास्थिति से कम न हो, इस प्रकार पदाभिहित किया जाएगा।

(ख) उसके पास खानों में काम करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव न हो, जिसके अंतर्गत उन खानों के, जिनके लिए उसका नाम निर्देशन किया गया है, कार्यकरण में कम से कम दो वर्ष का अनुभव भी है, और

(ग) उसने कर्मकार निरीक्षक के लिए कोई ऐसा अभिसंस्करण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जो मुख्य निरीक्षक द्वारा किसी साधारण या विशेष आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट पाठ्य-विवरण के अनुसार और उसके द्वारा अनुमोदित किसी केन्द्र में कम से कम तीस व्याख्यान और निर्देशन, प्रत्येक की अवधि दो घंटे से कम न हो, से मिलकर बना हो प्राप्त न किया हो।

(3) कर्मकार निरीक्षक, नियम 29द के उपनियम (1) के खण्ड (क) में उल्लिखित कर्तव्यो का पालन प्रत्येक सप्ताह में दो दिन करेगा; सप्ताह के शेष दिनों में, वह अपने सामान्य कर्तव्यों का पालन करेगा, जब तक कि उस नियम 29द के उपनियम (1) के खण्ड (ख) और (ग) में उल्लिखित कर्तव्यों के पालन के लिये अपेक्षा न की जाये।

(4) (क) स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, कर्मकार निरीक्षक को, उसके कर्तव्यों से संबंधित किसी प्रविष्टि, निरीक्षण, माप, परीक्षा या जांच करने के लिए सभी उचित सुविधाएं देगा।

(ख) खान का कोई पदधारी, कर्मकार निरीक्षक के साथ उसके निरीक्षण के दौरान रहेगा।

(ग) कर्मकार निरीक्षक किसी भी समय अपना निरीक्षण कर सकेगा।

(5) जब किसी खान में या उसके आसपास कोई दुर्घटना या खतरनाक घटना हो जाती है तब, स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, ऐसी दुर्घटना या घटना की सूचना संबंधित कर्मकार निरीक्षक को तत्काल देगा।

(6) कर्मकार निरीक्षक, खान के कार्य में अड़चन या बाधा डालने के लिये अपनी शक्तियों का प्रयोग नहीं करेगा।

(7) उप-नियम (1) के अधीन नामनिर्दिष्ट कर्मकार निरीक्षक, जब तक कि वह अपने पद का त्याग न कर दे, अपने नामनिर्देशन की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिये पद धारण करेगा और एक बार पुनः नामनिर्देशन का पात्र होगा।

(8) कोई भी स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, कर्मकार निरीक्षक के विरुद्ध, इन नियमों में अधिकथित उसके कर्तव्यों और कृत्यों के निर्वहन में उसके किसी कार्य के लिए कोई कार्रवाई नहीं करेगा।

29द, कर्मकार निरीक्षक के कर्तव्य :—(1) कर्मकार निरीक्षक के निम्नलिखित कर्तव्य होंगे :—

(क) सभी कूपकों, आनतियों, सड़कों, कार्य-स्थानों और उसके उपस्कर का, जिसके अन्तर्गत कर्मकारों की सवारी और परिवहन के लिये उपस्कर भी है, निरीक्षण करना।

(ख) किसी ऐसे खतरनाक घटना और आसन्न संकट, जो उसकी जानकारी में आये, की दशा में—

(1) प्रबंधक और निरीक्षक को सूचित करना; और

(2) संकट से बचने के लिये आवश्यक उपचारी उपाय सुझाना; और

(ग) निरीक्षक द्वारा खान के पूर्ण निरीक्षण के दौरान और अन्य ऐसे निरीक्षणों के दौरान भी जो वह आवश्यक समझे, उसके साथ रहना।

(2) कर्मकार निरीक्षक, अपने निरीक्षण के परिणामस्वरूप सुनिश्चित किये गये विषयों की पूरी रिपोर्ट खान में इस प्रयोजन के लिये रखे गये अंतःपत्रित पृष्ठ वाले और जिल्दबंद रजिस्टर में प्ररूप "प" में अभिलिखित करेगा। कर्मकार निरीक्षक, पूर्वोक्त रजिस्टर में प्रविष्टि करके, ऐसी प्रविष्टियों पर तारीख सहित हस्ताक्षर करेगा और प्रविष्टियों की एक प्रति अपने अभिलेख के लिये रख लेगा।

29घ. कर्मकार निरीक्षक की रिपोर्ट पर कार्रवाई—

(1) खान का स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, 29द के उप-नियम (2) में उल्लिखित रजिस्टर में, रजिस्टर में प्रविष्टि करने की तारीख से 15 दिन के भीतर, टिप्पणियां दर्ज करेगा जिनमें किये गये उपचारी उपाय और वह तारीख जिसको कार्रवाई की गई थी, दर्शित होंगे।

(2) कर्मकार निरीक्षक और स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक के बीच मतभेद होने की दशा में, ऐसे मतभेद के बारे में, उस पर टिप्पणियों के साथ, रिपोर्ट की एक प्रति स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक द्वारा मुख्य निरीक्षक या कोई अन्य निरीक्षक को विनिश्चय के लिये भेजी जायेगी।

29न. सुरक्षा समिति :—हर ऐसी खान के लिये, जिसमें सामान्यतः 100 से अधिक व्यक्ति नियोजित हैं, स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, खान में सुरक्षा के संवर्धन के लिए एक सुरक्षा समिति गठित करेगा :

परन्तु यह तब जब कि मुख्य निरीक्षक या कोई निरीक्षक, साधारण या विशेष लिखित आदेश द्वारा, विनिर्दिष्ट खानों के किसी समूह या किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र की सभी खानों के स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक से ऐसी रीति से, और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जैसी वह आदेश में विनिर्दिष्ट करे, एक समूह सुरक्षा समिति गठित करने की अपेक्षा करे।

29प. सुरक्षा समिति की संरचना—सुरक्षा समिति में निम्नलिखित होंगे—

(क) प्रबंधक, जो अध्यक्ष होगा ;

(ख) प्रबंधक द्वारा नामनिर्दिष्ट खान के पांच अधिकारी या सक्षम व्यक्ति;

(ग) कर्मकार निरीक्षक के नामनिर्देशन के लिए नियम 29थ के उपनियम (1) के खंड (क) में विहित प्रक्रिया के अनुसार खान के कर्मकारों द्वारा नामनिर्दिष्ट पांच कर्मकार ;

(घ) कर्मकार निरीक्षक, जहां इस प्रकार पदाभिहित किया गया है; और

(ङ.) सुरक्षा अधिकारी, या जहां कोई सुरक्षा अधिकारी नहीं है, वहां प्रबंधक से ठीक बाद का ज्येष्ठतम खान-पदधारी जो समिति के सचिव के रूप में कार्य करेगा :

परन्तु यदि आवश्यक समझा जाए तो अध्यक्ष किसी अन्य पदधारी, सक्षम व्यक्ति या कर्मकार को, बैठक के किसी दिन या दिनों के लिए, समिति के सदस्य के रूप में सहयोजित कर सकेगा।

29फ. सुरक्षा समिति के कृत्य—समिति के कृत्य निम्नलिखित होंगे—

(1) खानों में ऐसी असुरक्षित दशाओं और पद्धतियों के विरुद्ध जिनके बारे में कर्मकार निरीक्षक की रिपोर्टों में बताया गया है, या अन्यथा समिति की जानकारी में लाया गया है उपचारी उपायों पर विचार विमर्श करना और समुचित सिफारिश करना ;

(2) किसी खान के किसी नए जिले में संक्रियाओं के प्रारंभ या नए विद्युत या यांत्रिक संस्थापन चालू करने या नई खनन तकनीक के प्रारंभ से पहले, प्रस्तावित सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी उपायों, जिनके अंतर्गत संबंधित आचार संहिताएं भी हैं पर विचार करना और समुचित सिफारिश करना ;

(3) दुर्घटना की जांच की रिपोर्ट पर विचार विमर्श करना और समुचित सिफारिश करना ;

(4) दुर्घटनाओं के विश्लेषण पर आधारित समुचित सुरक्षा अभियान तैयार करना और उसे कार्यान्वित करना ;

(5) उसके समक्ष प्रस्तुत किये गये विषय और किसी अन्य विषय पर, जो सदस्यों द्वारा उठाया जाए, विचार करने और ऐसे सिफारिशें, करने, जो वह ठीक समझे, के लिए 30 दिन में कम से कम एक बार बैठक करना; और

(6) सुरक्षा और उपजीविका जन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर संसूचना के लिये एक फोरम के रूप में सेवा करना।

29ब. सुरक्षा समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन—सुरक्षा समिति की सिफारिशों की प्राप्ति की तारीख से 15 दिन की अवधि के भीतर, स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक, सुरक्षा समिति के सचिव को, सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिये की गई कार्रवाई उपदर्शित करेगा।"

10. उक्त नियमों के नियम 52 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

"52 शिक्षुओं और प्रशिक्षणार्थियों का नियोजन.—खान के किसी अनुभवी व्यक्ति के साक्षात् पर्यवेक्षण के अधीन के सिवाय 16 से 18 वर्ष की आयु का कोई शिक्षु या प्रशिक्षणार्थी खान में नियोजित नहीं किया जायेगा।

और कोई ऐसा शिक्षु या प्रशिक्षार्थी किसी खान में —

(क) किसी ऐसे कार्य पर जो असम्यक् रूप से कठिन हो; या

(ख) किसी ऐसी मशीनरी के अति निकट जहां मशीन की किसी गतिशील भाग से क्षति का जोखिम हो; या

(ग) किसी ऐसे स्थान पर जहां खनन संक्रियाओं से पैदा हुई धूल जो स्वास्थ्य को परिसंकट में डालने वाला माना जाता है,

नियुक्त नहीं किया जाएगा।"

11. उक्त नियमों के नियम 68 और 69 में "प्रबंधक" शब्द के स्थान पर, जहां-जहां वह आता है "कैंटीन भार-साधक अधिकारी" शब्द रखे जायेंगे।

12. उक्त नियमों को नियम 76 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"76. रिपोर्ट योग्य और छोटी दुर्घटनाओं के रजिस्टर :—

(1) अधिनियम की धारा 23 की उप-धारा (1क) द्वारा अपेक्षित रजिस्टर, प्ररूप अ में रखा जायेगा और उसकी एक प्रति संबंधित खान निरीक्षक को भेजी जायेगी।

(2) अधिनियम की धारा 23 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित रजिस्टर, प्ररूप-ट में रखा जायेगा।"

13. उक्त नियमों के नियम 82 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंत: स्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"82क. उपजीविका अन्य रोग के लिए निःशक्तता भत्ता और प्रतिकर (1) अधिनियम की धारा 9 क की उप-धारा (5) के प्रथम परन्तुक के अधीन संदेय निःशक्तता भत्ता, उस मासिक मजदूरी के पचास प्रतिशत की दर से होगा जो वह अधिनियम की धारा 9 क की उपधारा (2) के अधीन स्वास्थ्य परीक्षा के लिए स्वयं को उपस्थित करने के ठीक पहले प्राप्त कर रहा था।

(2) यदि कोई व्यक्ति खान में अपने नियोजन को छोड़ने का विनिश्चय करता है, तो वह ऐसे प्रतिकर के लिए हकदार होगा जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 (1923 का 8) के उपबन्धों के अधीन अनुज्ञेय है, क्योंकि ऐसे रोग का लग जाना उस अधिनियम के अधीन दुर्घटना द्वारा क्षति समझी जाती है। यदि उस अधिनियम की अनुसूची III के अन्तर्गत रोग नहीं आता है, तो उसे उन्हीं दरों से निःशक्तता प्रतिकर का संदाय किया जायेगा जो उस अधिनियम के अधीन उपबंधित है मानो वह एक क्षति है। इस नियम के अधीन संदेय एक मुश्त प्रतिकर उस अधिनियम के अधीन प्रतिकर के अतिरिक्त नहीं होगा।

स्पष्टीकरण.—इस नियम के प्रयोजनों के लिये, "मजदूरी" वह वही अर्थ होगा जो कर्मकार। प्रोतकर अधिनियम, 1923 (1923 का 8) की धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (ड) में परिभाषित है।

(3) उप नियम (1) और (2) के उपबन्ध किसी ऐसे अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेंगे जिसका किसी खान में नियोजित व्यक्ति किसी अन्य विधि के अधीन या किसी अधिनिर्णय, करार या सेवा-संविदा के निबंधनों के अधीन हकदार हो और जब ऐसे अधिनिर्णय, करार या सेवा-संविदा में उपनियम (1) और (2) में उपबन्धित निःशक्तता प्रतिकर से अधिक अनुकूल फायदे के लिए उपबंध हो तो ऐसा व्यक्ति केवल ऐसे फायदों का हकदार होगा।"

14. उक्त नियमों की प्रथम अनुसूची में,

(क) प्ररूप क में—

(1) स्तम्भ 4 का लोप किया जाएगा।,

(2) स्तम्भ 5 और 6 को क्रमश: स्तम्भ 4 और 5 के रूप में पुन: संख्यांकित किया जाएगा।

(ख) प्ररूप ग, घ, और ङ में आये "कुमार" शब्द का लोप किया जाएगा।

(ग) प्ररूप ज में,

(1) "(नियम 76 देखिए)" कोष्ठकों, शब्दों और अंकों के स्थान पर "[नियम 76. (1) देखिए]" कोष्ठक, शब्द और अंक रखे जाएंगे।

(2) "छोटी दुर्घटनाओं की विवरणी" शब्दों के स्थान पर "रिपोर्ट योग्य दुर्घटनाओं की विवरण" शब्द रखे जायेंगे।

(3) "वर्ष.....शब्द" के स्थान पर, "..... .....को समाप्त होने वाली तिमाही" शब्द रखे जायेंगे,

(4) अनुदेश के पश्चात् निम्नलिखित टिप्पण अंत: स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"टिप्पण :—पूर्ववर्ती तिमाही में क्षतिग्रस्त और इस तिमाही में लगातार अनुपस्थित रहे व्यक्ति की बाबत प्रविष्टियों की प्रतियां अलग-अलग प्रस्तुत की जानी चाहिए"।

(घ) प्ररूप ट के स्थान पर, निम्नलिखित प्ररूप रखा जाएगा, अर्थात :—

प्ररूप "ट"

[नियम 76 (2) देखिए]

छोटी दुर्घटनाओं की विवरणी

खान का नाम.................................

राज्य....................जिला.——————————

स्वामी ——————————————————————

किया गया खनिज कार्य————————————————

———को समाप्त होने वाली तिमाही———————————

क्रम सं	प्रविष्टि की तारीख	दुर्घटना की तारीख	दुर्घटना का समय	वर्गीकरण	
				दुर्घटना के स्थान के अनुसार	कारण के अनुसार
1	2	3	4	5	6

दुर्घटना के मामले का संक्षिप्त वर्णन	क्षतिग्रस्त कर्मकार का नाम	प्ररूप "ख" में रजिस्टर से क्रम. सं.	नियोजन की प्रकृति	क्षति की प्रकृति
7	8	9	10	11

शरीर का क्षतिग्रस्त अंग	कार्य पर क्षतिग्रस्त व्यक्ति के लौटने की तारीख	परिचर्या करने वाले चिकित्सा व्यवसायी के आद्याक्षर	टिप्पणियां
12	13	14	15

अनुदेश :—

स्तम्भ (5) विनिर्दिष्ट कीजिए जैसा प्ररूप अ के उपबन्ध 1 में उपदर्शित है।

स्तम्भ (6) विनिर्दिष्ट कीजिए जैसा प्ररूप अ के उपाबन्ध 2 में उपदर्शित है।

स्तम्भ (7) जिन परिस्थितियों में दुर्घटना हुई उसका संक्षिप्त वर्णन दीजिए।

स्तम्भ (11) वह विनिर्दिष्ट किया जाए कि साधारण जख्म है, चीरा है, खरोंच आदि है।

स्तम्भ (15) यदि कोई क्षति "रिपोर्ट योग्य", "गंभीर" या "प्राणांतक" साबित करें या जब कोई क्षतिग्रस्त व्यक्ति छुट्टी पर चला जाए या अपना नियोजन छोड़ दे तो विशिष्टियां इस स्तम्भ में प्रविष्टि की जानी चाहिए।"

(क) प्ररूप न के पश्चात निम्नलिखित प्ररूप अंत: स्थापित किया जाएगा अर्थात् :—

"प्ररूप-प

(नियम 29 द और 29 ध देखिए)

खान का नाम——————————————स्वामी——————————————

प्रबन्धक——————————————निरीक्षित स्थान/संस्थापन——————————————

——————————————कितने निरीक्षण किया——————————————

——————————————कब किया——————————————

किसके साथ किया——————————————

——————————————

सम्प्रेक्षण	सुझाए गए उपचारी उपाय	उपचारी उपायों के लिए की गई कार्रवाई	तारीख, जिसको कार्रवाई की गई	टिप्पणियां यदि कोई हों
1	2	3	4	5

तारीख सहित कर्मकार निरीक्षक के हस्ताक्षर——————————

कर्मकार निरीक्षक के साथ जाने वाले खान के पदाधिकारी के

हस्ताक्षर

पदनाम

तारीख

प्रबंधक के तारीख सहित हस्ताक्षर

15. उक्त नियमों की पंचम अनुसूची में,

(क) खण्ड 3 के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अंत: स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"3क. मुख्य निरीक्षक या कोई निरीक्षक या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी, खानों में सुरक्षा और उप-जीविकाजन्य स्वास्थ्य सर्वेक्षण कर सकेगा । ऐसे सर्वेक्षण में परीक्षा के लिए चुने गए किसी व्यक्ति द्वारा व्यतीत किए गए समय की गिनती उसके काम के समय के साथ की जाएगी, किन्तु इस प्रकार के अतिकाल भत्ता का संदाय मजदूरी की मामूली दर पर किया जाएगा। यदि ऐसा व्यक्ति ऐसे सर्वेक्षण में चिकित्सक दृष्टया अयोग्य पाया जाता है, तो वह ऐसे उपचार की अवधि के दौरान, स्वामी, अभिकर्ता या प्रबंधक के खर्च पर चिकित्सीय उपचार का, पूरी मजदूरी के साथ, हकदार होगा । यदि ऐसे उपचार के पश्चात् वह अपने कर्तव्य का निर्वहन करने में चिकित्सक दृष्टतया अयोग्य घोषित कर दिया जाता है और यदि ऐसी अयोग्यता उसके नियोजन से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित मानी जाती है, तो वह आनुकल्पिक

नियोजन या निःशक्तता भत्ता का हकदार होगा और यदि वह अपना नियोजन छोड़ना चाहता है तो एक मुश्त प्रतिकर के संदाय का हकदार होगा ।

(धारा 6क)"

(ख) खंड 5 में, निम्नलिखित अन्त में अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :

"इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए विनियमों, नियमों, उपविधियों या आदेशों के उपबन्धों के किसी उल्लंघन के लिए, ऐसा व्यक्ति जो उल्लंघन करता है, संबंधित पर्यवेक्षक, खान का स्वामी, अभिकर्ता और प्रबन्धक तथा कैंटीन, शिशुगृह या गर्तमुख स्नान-गृह के मामले में, धारा 18 की उप-धारा (2) के अधीन नियुक्त व्यक्ति, यदि कोई हो, दोषी समझा जाएगा ।"

(ग) (1) "दुर्घटनाएं" शीर्षक के स्थान पर निम्नलिखित शीर्षक रखा जाएगा, अर्थात् :—

"दुर्घटनाएं और प्रतिषेधात्मक आदेश"

(2) स्तंभ 7 में; निम्नलिखित अंत में अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"उत्तरवर्ती दुर्घटनाओं का रोकने, या जीवन की रक्षा करने या लोगों को बरामद करने के सिवाय, दुर्घटना स्थल को मुख्य निरीक्षक या किसी निरीक्षक के पहुंचने से पूर्व या उसकी सहमति के बिना या दुर्घटना होने से 72 घंटे की समाप्ति से पूर्व, जो भी सबसे पहले हो अस्तव्यस्त या परिवर्तित नहीं किया जाएगा, जब तक कि दुर्घटना के स्थान पर काम रुक जाने के कारण, खान के कार्यकरण में कोई गंभीर अड़चन न आती हो ।"

(घ) खण्ड 8 के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"8क. हर एक व्यक्ति को, जिसका नियोजन अधिनियम की धारा 22 की उप-धारा (1क) या उप-धारा (3) के अधीन या धारा 22क की उप-धारा (2) के अधीन प्रतिषिद्ध है, सुसंगत अवधि या अकार्यकरण या आनुकल्पिक नियोजन के लिए पूरी मजदूरी का संदाय किया जाएगा ।

"धारा 22 और 22 (क)"।

(ङ) खण्ड 13 में "मजदूरी की मामूली दरें" की परिभाषा के स्थान पर निम्नलिखित परिभाषा रखी जाएगी, अर्थात् :—

"मजदूरी की मामूली दरें" से अभिप्रेत है मूल मजदूरी तथा कोई महंगाई भत्ता, शुभिक्षा भत्ता, प्रोत्साहन बोनस (किन्तु सामान्य बोनस नहीं), अनाज और खाद्य तेल के निःशुल्क प्रदाय के लिए किन्तु निःशुल्क आवास, कोयला, मिट्टी के तेल, औजार और वर्दी के निःशुल्क प्रदाय, चिकित्सीय और शैक्षिक सुविधाओं, बीमारी भत्ता के लिए नहीं नकद प्रतिकर और किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिसे मात्रानुपाती दर के आधार पर संदाय किया जाता है, पूर्ववर्ती सप्ताह के दौरान उसके पूर्णकालिक उपार्जन (जिनमें कोई अतिकाल सम्मिलित नहीं है) का औसत ।"

(च) खण्ड 19 और 20 के स्थान पर, क्रमशः निम्नलिखित खण्ड अंतः स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"19. 18 वर्ष से कम आयु का कोई व्यक्ति खान के किसी भाग में काम नहीं करेगा, जब तक कि वह शिशु या प्रशिक्षणार्थी न हो । ऐसे मामले में वह 18 वर्ष से कम हो सकेगा किन्तु 16 वर्ष से कम आयु का नहीं होगा ।

(धारा 40)

20. जहां किसी निरीक्षक की यह राय हो कि किसी शिशु या अन्य प्रशिक्षणार्थी से अन्यथा खान में नियोजित कोई व्यक्ति वयस्क नहीं है या खान में किसी शिशु या अन्य प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियोजित कोई व्यक्ति 16 वर्ष से कम आयु का है या काम करने के योग्य नहीं रह गया है, वहां निरीक्षक, खान के प्रबंधक पर यह अपेक्षा करते हुए सूचना तामील कर सकेगा कि ऐसे व्यक्ति की परीक्षा किसी प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा की जाए और यदि निरीक्षक ऐसा निदेश करे तो ऐसे व्यक्ति को किसी खान में तब तक नियोजित नहीं किया जाएगा या काम करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी तब तक किसी उसकी इस प्रकार परीक्षा न हो गई हो, और वह प्रमाणित न कर दिया गया हो कि वह वयस्क है या यदि ऐसा व्यक्ति शिशु या प्रशिणार्थी है तो वह सोलह वर्ष से कम आयु का नहीं है और काम करने के योग्य है ।

(धारा 43)"

(छ) खंड 21, 22, 23 और 24 का लोप किया जाएगा ।

(ज) खंड 26 के उप-खंड (1) में "और किसी वयस्क की दशा में इसकी योग्यता के प्रमाण-पत्र का निर्देश" शब्दों का लोप किया जाएगा और "होगा" शब्द के स्थान पर "होगी" शब्द रखा जाएगा ।

(झ) खंड 27 के उपखंड (1) (क) में "सोलह दिन" शब्दों के स्थान पर "पन्द्रह दिन" शब्द रखे जाएंगे ।

(ञ) खण्ड 27 के उप-खंड (9) के पश्चात् स्पष्टीकरण से पहले, निम्नलिखित उप-खंड अंतःस्थापित किया जाएगा अर्थात्:"(10) यदि किसी खान में नियोजित किसी व्यक्ति को सेवान्मुक्त या पदच्युत कर दिया जाता है या वह अपना नियोजन छोड़ देता है या अधिवार्षिता पर पहुंच जाता है या सेवा में रहते हुए उसकी मृत्यु हो जाती है तो वह या उसके वारिस या उसके नाम निर्देशिती शोध्य छुट्टी के बदले मजदूरी के हकदार है, यदि वह अधिनियम की धारा 52 की उपधारा (10) में विहित न्यूनतम संख्या में उपस्थित रहा है।"

(ट) स्पष्टीकरण में खंड 27 के उप-खंड (10) के पश्चात् "(1) और (3)" कोष्ठकों शब्द और अंकों के स्थान पर "(1) (3) और (10)" कोष्ठक, शब्द और अंक रखे जाएंगे।

(ठ) खंड 32 में "धारा 40 के अधीन" शब्दों और अंकों के स्थान पर "धारा 43 के अधीन" शब्द और अंक रखे जाएंगे।

(ड) खण्ड 33 के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखा जाएगा अर्थात् :—

"33 यदि किसी शिक्षु या प्रशिक्षणार्थी के सिवाय 18 वर्ष से कम आयु का कोई व्यक्ति खान खान में नियोजित है, तो ऐसी खान का स्वामी अभिकर्ता या प्रबंधक ऐसे जुर्माने से, जो 500 रु. तक हो सकेगा, दण्डनीय होगा (धारा 68)"

(ढ) खंड 38 में, "धारा 22 की उपधारा (1क), उपधारा (2) या उपधारा (3) के अधीन" शब्दों और अंकों के पश्चात् "या धारा 22 क की उप-धारा (2) के अधीन" शब्द और अंक अंतःस्थापित किए जाएंगे।

(ण) खण्ड 39 में, "धारा 22 की उपधारा (1क) या उपधारा (2) या उपधारा (3) के अधीन" शब्दों और अंकों के पश्चात् "या धारा 22 क की उप-धारा (2) के अधीन" शब्द और अंक अंतःस्थापित किए जाएंगे।

(त) खण्ड 41 के पश्चात्, निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाएगा, अर्थात् "42 संरक्षा प्रबंधों या दी जाने वाली सुविधाओं या इस अधिनियम के अधीन प्रदाय किए जाने वाले किसी उपस्कर या साधित्र की बाबत खान में नियोजित किसी व्यक्ति से कोई फीस या प्रभार वसूल नहीं किया जाएगा (धारा 85 ग)"

टिप्पण :—मूल नियम, अधिसूचना सं. का. नि. आ. 1421 तारीख 2 जुलाई, 1955 द्वारा प्रकाशित किए गए थे।

उसका और संशोधन निम्नलिखित द्वारा किया गया :—

(1) का. नि. आ. 312, तारीख 15 जनवरी, 1957
(2) का. नि. आ. 2062, तारीख 14 जून, 1957
(3) का. नि. आ. 3744, तारीख 18 नवम्बर, 1957
(4) सा. का. नि. 607, तारीख 16 मई, 1959
(5) सा. का. नि. 228, तारीख 22 फरवरी, 1960
(6) सा. का. नि. 31 तारीख 29 दिसम्बर, 1960
(7) सा. का. नि. 239, तारीख 3 फरवरी, 1965
(8) सा. का. नि. 1886, तारीख 14 दिसम्बर, 1965
(9) सा. का. नि. 1511, तारीख 23 सितम्बर, 1966
(10) सा. का. नि. 966, तारीख 17 मई, 1968
(11) सा. का. नि. 1786, तारीख 30 सितम्बर, 1970
(12) सा. का. नि. 18, तारीख 24 दिसम्बर, 1973
(13) सा. का. नि. 557 (अ), तारीख 18 नवम्बर, 1978
(14) सा. का. नि. 656, तारीख 5 जून, 1980.

[सं. एस-65012/1/84-खान-1]
एल. के. नारायणन, अवर सचिव

MINISTRY OF LABOUR

New Delhi, the 14th April, 1986

G.S.R. 316.—Whereas a draft of certain amendments further to amend the Mines Rules, 1955 was published as required by sub-section (1) of section 59 of the Mines Act, 1952 (35 of 1952) in the Gazette of India, Extraordinary, Part II-Section 3-Sub-section (i), dated the 3rd December, 1984 with the notification of the Government of India in the then Ministry of Labour and Rehabilitation (Department of Labour), No. G.S.R. 802(E), dated the 3rd December, 1984, inviting objections or suggestions from all persons likely to be affected thereby till the expiry of a period of three months from the date of publication of the said notification in the Official Gazette;

And whereas the said Gazette was made available to the public on the 3rd December, 1984;

And whereas the objections and suggestions received from the public on the said draft have been considered by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 58 of the said Act, the Central Government, after referring the said draft to the Mining Boards constituted under the said Act and after giving such Boards a reasonable opportunity of reporting as to the expediency of making of the said rules and as to the suitability thereof as required by sub-section (4) of section 59 of the said Act hereby makes the following rules, further to amend the Mines Rules, 1955, namely :—

1. (1) These rules may be called the Mines (Amendment) Rules, 1986.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. The existing clause (i) of rule 2 of the Mines Rules, 1955 (hereinafter referred to as the said rules) shall be renumbered as clause (j), before clause (j) as renumbered, the following clause shall be inserted, namely :—

"(i) "Officer-in-charge Canteen" means the person (other than the manager) whom the owner or agent may appoint for securing compliance with the provisions in respect of canteens.

3. In Chapter II of the said rules,—

(i) for the heading "Mining Board", the heading "Committee" shall be substituted;

(ii) for the word "Board" wherever it occurs, the word "Committee" shall be substituted;

(iii) for rule 3 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"3. Term of office.—The terms of office of the members referred to in clauses (c), (d) and (e) of sub-section (1) of section 12 of the Act, shall be three years from the date on which their appointment is notified in the Official Gazette :

Provided that member shall, notwithstanding the expiry of a period of three years, continue to hold office until the appointment of his successor is notified in the Official Gazette :

Provided further that a member appointed to fill a casual vacancy shall hold office for the remaining period of the term of office of the member in whose place he is appointed and shall continue to hold office on the expiry of the term of office until the appointment of his successor is notified in the Official Gazette."

(iv) for rule 4 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"4. Secretary of the Committee.—An Inspector of Mines nominated in this behalf by the Chief Inspector shall act as the Secretary to the Committee."

(v) for rule 5 of the said rules, the following rule be substituted, namely :—

"5. Remuneration.—Members of the Committee shall receive such honorarium as the Central Government may fix."

(vi) rule 6 of the said rules shall be omitted.

(vii) in rule 12 of the said rules—

(a) sub-rule (1A) shall be omitted;

(b) the existing sub-rule (2) shall be renumbered as sub-rule (3) and before sub-rule (3) as so renumbered, the following sub-rule shall be inserted, namely :—

"(2) Notices referred to in sub-rule (1) shall be delivered at, or posted to, the usual place of residence of the member."

(viii) in rule 14 of the said rules for the words "four members", the words "four members including the Chairman" shall be substituted.

4. In rule 22 of the said rules—

(i) in sub-rule (1) for the words "including any other expenses connected with the inquiry", the words "including any expenses incurred with the previous sanction of the Court and any other expenses connected with the inquiry which the court may direct as recoverable" shall be substituted;

(ii) for sub-rule (2), the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(2) The amount directed to be recovered under sub-rule (1) may, on application by the Chief Inspector or an Inspector to the concerned authority, be recovered from the owner in the same manner as an arrear of land revenue."

5. In rule 24 of the said rules,—

(i) for sub-rule (1), the following sub-rule shall be substituted, namely :—

"(1) On receipt of a reference under sub-section (1) of section 43 of the Act, the certifying surgeon shall, after giving prior notice regarding date, time and place for medical examination and upon examining the persons sent-for such examination, prepare the age and fitness certificate and deliver the same to the manager of the mine concerned after retaining a copy thereof."

(ii) sub-rules (3), (4) and (5) shall be omitted.

6. Rules 25, 26 and 27 of the said rules shall be omitted.

7. In sub-rule (1) of rule 28 of the said rules, the words and figures "section 40 or" shall be omitted.

8. Rule 29 of the said rules, shall be omitted.

9. After Chapter IV of the said rules, the following Chapter shall be inserted, namely :—

"CHAPTER IV B

Workmen's Inspector and Safety Committee.

29Q. Workmen's Inspector.—(1) (a) For every mine wherein 500 or more persons are ordinarily employed, the owner, agent or manager shall designate three suitably qualified employees of the mine in consultation with the registered trade union in the mine and where there are more than one registered trade unions, the union recognised as per procedure in practice or the most representative union as per the membership records available at that point of time and if there are no registered trade unions, in consultation with the elected representative of the workmen, as technical experts, to carry out inspection of the mine on behalf of the workers employed therein, one each for mining operations, electrical installations and mechanical installations. When the number of persons employed in a mine exceeds 1500, the workmen's inspector shall be assisted by one additional workmen's inspector in mining discipline for every additional 1000 persons or part thereof.

(b) In every mine, the owner, agent or manager shall constitute, in the manner laid down in clause (a), a panel of workmen's inspectors who may serve as substitute during absence of regular workmen's inspectors.

(c) In the panel there shall be at least one workmen's inspector each for mining, electrical and mechanical installations and operations.

(2) No person shall act as a workmen's inspector of a mine unless,—

(a) he possesses an Overman's or Foreman's Certificate granted under the Act :

Provided that—

(i) in relation to electrical machinery installed in mines a person holding a valid Electrical Supervisor's Certificate of Competency covering mining installations, issued under sub-rule (1) of rule 45 read with clause (ii) of sub-rule (1) of rule 131 of the Indian Electricity Rules, 1956 framed under the Indian Electricity Act, 1910 shall be so designated; and

(ii) in relation to other machinery and mechanical appliances installed in mines a person appointed to secure the installation running and maintenance

in safe working order of machinery in the mine, being not less in status than that of an Overman, Mine Foreman or Electrical Supervisor shall be so designated.

(b) he has atleast five years of experience in mines including atleast two years in workings of the mines for which he is nominated; and

(c) he has undergone an orientation training course for workmen's inspector consisting of not less than thirty lectures and demonstrations, of not less than two hours' duration each, in accordance with the syllabus specified by and at a centre approved by the Chief Inspector by a general or special order.

(3) The workmen's inspector shall perform the duties mentioned in clause (a) of sub-rule (1) of rule 29R for two days in every week: on remaining days of the week, he shall perform his normal duties unless called upon to perform the duties mentioned in clauses (b) and (c) of sub-rule (1) of rule 29R.

(4) (a) The owner, agent or manager shall afford the workmen's inspector all reasonable facilities for making any entry, inspection, measurement, examination or inquiry in connection with his duties.

(b) An official of the mine shall accompany the workmen's inspector during his inspection.

(c) The workmen's inspector may carry out his inspections at any time.

(5) When there occurs an accident or dangerous occurrence in or about a mine, the owner, agent or manager shall forthwith inform the concerned workmens inspector about the accident or the occurrence.

(6) The workmen's inspector shall not exercise his powers to impede or obstruct the working of the mine.

(7) A workmen's inspector nominated under sub-rule (1) shall unless resigns from his office hold office for a period of three years from the date of his nomination and shall be eligible for one renomination.

(8) No owner, agent or manager shall take any action against a workmen's inspector for any of his actions in the discharge of his duties and functions laid down in these rules.

29R. Duties of workmen's inspector.—(1) The duties of the workmen's inspector shall be.—

(a) to inspect all shafts, inclines, roads, workplaces and the equipment threat including the equipment for conveyance and transport of workers;

(b) in case of any urgant and immediate danger that come to his notice—

(i) to inform the manager and the Inspector about the same: and

(ii) to suggest remedial measures necessary to avoid the danger; and

(c) to accompany the Inspector in the course of complete inspection of the mine and also during such other inspections as may be considered necessary by the Inspector.

(2) The workmen's inspector shall record a full report of the matters ascertained as a result of his inspection in an interleaved paged and bound register kept for the purpose at the mine in Form U. The workmen's inspector making the entry in the register aforesaid shall duly sign such entries with date and take a copy of the entries for his record.

